राज्य स्तरीय खेल पुरस्कारों की घोषणा

चर्चा में क्यों?

2 अगस्त, 2023 को मध्य प्रदेश की खेल और युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने वर्ष 2022 के राज्य स्तरीय खेल पुरस्कारों की घोषणा की। वर्ष 2022 के लिये 11 खिलाड़ियों को एकलव्य पुरस्कार, 10 को विक्रम, एक प्रशिक्षक को विश्वामित्र तथा एक खेल हस्ती को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने बताया कि एकलव्य पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को एक लाख रुपए और शेष को दो लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी जाती है।
- वर्ष 2013 से पारंपरिक खेल मलखंब में उत्कृष्टता के लिये स्व. प्रभाष जोशी पुरस्कार प्रारंभ किया गया, जिसमें विजेताओं को दो लाख रुपए की राशि से सम्मानित किया जाता है।
- विदित है कि वर्ष 2011 तक एकलव्य पुरस्कार विजेता को 25 हज़ार रुपए और विक्रम, विश्वामित्र और लाईफ टाईम अवार्ड के विजेताओं को 50 हज़ार रुपए की राशि दी जाती थी। वर्ष 2021 से सभी पुरस्कार राशि को बढ़ाया गया है।
- **एकलव्य पुरस्कार :** वर्ष 2022 के एकलव्य पुरस्कार के लिये भोपाल के आस्था दांगी (क्याकिंग-केनोइंग), अमन सिंह बिष्ट (बॉक्सिंग), प्रज्ञा सिंह (फेंसिंग), आशी चौकसे (शूटिंग) और सौम्या तिवारी (क्रिकेट), राजगढ़ की रितिका दांगी (सेलिंग), देवास के अभिषेक परिहार (सॉफ्ट-टेनिस), इंदौर की पलक शर्मा (तैराकी), ग्वालियर की खुशबू (हॉकी), उज्जैन के दीपेश लश्करी (जिम्नास्टिक) और इंद्रजीत नागर को (मलखंब) खेल में एकलव्य पुरस्कार के लिये चयनित किया गया है।
- **विक्रम पुरस्कार :** वर्ष 2022 के विक्रम पुरस्कारों के लिये भोपाल के राजू सिंह (घुड़सवारी), देवास के आदित्य दुबे (सॉफ्ट-टेनिस), सीहोर की नीतू वर्मा (क्याकिंग-केनोइंग), अशोकनगर के भूरक्षा दुबे (वूशु), रायसेन की प्रगति दुबे (शूटिंग), इंदौर के सुबोध चौरसिया (सॉफ्टबॉल) एवं आवेश खान को (क्रिकेट), ग्वालियर के नीरज राणा (हॉकी) तथा धनंजय दुबे (टेनिस) (दिव्यांग वर्ग में) तथा उज्जैन के राजवीर सिंह पंवार के नामों की घोषणा हुई है।
- **विश्वामित्र पुरस्कार:** वर्ष 2022 में विश्वामित्र पुरस्कार के लिये भोपाल की बैडमिंटन प्रशिक्षक रश्मि मालवीय का चयन किया गया है।
- **लाइफटाइम अचीवमेंट ऑवार्ड:** वर्ष 2022 में राज्य स्तरीय लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार की श्रेणी में इंदौर के अनिल धूपर (टेनिस) का चयन किया गया है।

//

दृष्टि The Vision

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/announcement-of-state-level-sports-awards